● वर्ष 05 ● अंक 519 ● पृष्ठ 6 ● मूल्य : 2 रुपये ● देवघर, गुरूवार 04 सितम्बर, 2025 www.republicnationnews.com.in E-mail : republicnationdesk@gmail.com

REPUBLIC NATION

# रिपब्लिक नेशन

हिन्दी समाचार–पत्र

सच्चाई की जड़ तक पहुंचता आपका अपना मत

A Unit of AB MASS MEDIA PVT. LTD. ● संपादक : अनिता कुमारी ● प्रधान संपादक : वरुण कुमार +91 7004248229

## संक्षिप्त समाचार

### लीबिया में सैन्य मुख्यालय पर आत्मघाती हमला

**त्रिपोली 03 सितंबर (वार्ता)** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 170 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में बानी वालिद स्थित 444वीं कॉम्बैट ब्रिगेड के मुख्यालय को निशाना बनाकर एक आत्मघाती हमला किया गया है। ब्रिगेड ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ब्रिगेड ने अपने फेसबुक पेज पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने मुख्यालय के सामने वाहन के अंदर खुद को उड़ा लिया। बयान में हमले के बाद की तस्वीरें भी जारी की गईं, जिसमें कहा गया कि स्थिति नियंत्रण में है और मुख्यालय अपना काम जारी रखे हुए है। 444वीं कॉम्बैट ब्रिगेड पश्चिमी क्षेत्र में लीबियाई सेना से संबद्ध सैन्य इकाइयों में से एक है जो त्रिपोली स्थित संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) के अधीन है।

### भारत भर में 21 नदिया गंभीर बाढ़ की चपेट में

**नयी दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने बुधवार को बताया कि दिल्ली स्थित एक निगरानी केंद्र सहित अन्य निगरानी केंद्रों ने सूचना दी कि 21 नदियों में ''बाढ़ की स्थिति गंभीर है'' जबकि 33 अन्य नदियां सामान्य स्तर से ऊपर बह रही हैं। जिन 21 नदियां बाढ़ की गंभीर चपेट में हैं, उनमें बिहार में नौ, उत्तर प्रदेश में आठ और दिल्ली, जम्मू–कश्मीर, पश्चिम बंगाल और झारखंड में एक–एक नदी शामिल है। जिन 33 नदियों का जलस्तर सामान्य से अधिक है, उनमें उत्तर प्रदेश में नौ, बिहार में सात, असम में सात, उत्तराखंड में दो, ओडिशा में दो, तेलंगाना में दो और आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल में एक–एक नदी है। दिल्ली में रेलवे पुल पर यमुना नदी में भीषण बाढ़ की स्थिति है। उत्तरी पहाड़ी राज्य हाई अलर्ट पर हैं।

### अभिनेता आशीष कपूर को हिरासत में लिया गया

**नयी दिल्ली/भाषा।** टेलीविजन अभिनेता आशीष कपूर को दिल्ली पुलिस ने पुणे से हिरासत में लिया है। एक महिला ने अभिनेता पर राष्ट्रीय राजधानी में एक पार्टी में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला कपूर से सोशल मीडिया के जरिये संपर्क में आई थी और उसने आरोप लगाया कि दुष्कर्म की यह घटना अगस्त के दूसरे सप्ताह में दिल्ली में एक पार्टी में हुई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि कपूर ने शौचालय में उसका यौन उत्पीड़न किया।'' पुलिस के अनुसार शुरुआती प्राथमिकी में कपूर, उनके एक मित्र, मित्र की पत्नी और दो अज्ञात व्यक्तियों के नाम शामिल थे।

## सुविचार

''खुद की तरक्की में इतना वक़्त लगा दो ! कि किसी दूसरे की बुराई करने का वक़्त न मिले !!''

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

80,718.01150.30 (0.19%)

**निफ्टी**

24,734.30 19.25 (0.08%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | 28:06 तक |
| नक्षत्र | उत्तराषाढ़ा | 23:31 तक |
| प्रथम करण | बावा | 16:15 तक |
| द्वितीय करण | बालवा | 28:06 तक |
| पक्ष | शुक्ल | |
| वार | गुरुवार | |
| योग | सौभाग्य | 15:15 तक |
| सूर्योदय | 06:01 | |
| सूर्यास्त | 18:31 | |
| चंद्रमा | मकर | |
| राहुकाल | 13:50 - 15:23 | |
| विक्रमी संवत | 2082 | |
| शक संवत | 1947 | विश्वावसु |
| मास | भाद्रपद | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 11:51 - 12:41 |

### जीएसटी परिषद ने दी दो स्तरीय कर संरचना को मंजूरी

# जीएसटी में होंगे केवल दो कर स्लैब

■ तंबाकू उत्पादों और सिगरेट को छोड़कर अन्य वस्तुओं के लिए 22 सितंबर से लागू होगी पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय कर संरचना

**नयी दिल्ली/भाषा।** जीएसटी परिषद ने बुधवार को लोगों को राहत देते हुए माल एवं सेवा कर के तहत पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दे दी। इसमें रोजमर्रा के उपयोग वाले सामानों पर जीएसटी दरों में कटौती की गयी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत बाल में लगाने वाले तेल, साबुन, साइकिल आम और मध्यम वर्ग की वस्तुओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत या 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, छेना, पनीर, रोटी और पराठा पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी शून्य होगा।



सीतारमण ने यह भी कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट मिलेगी।

इसके अलावा, छोटी कारों और 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। तिपहिया वाहन पर भी अब 18 प्रतिशत कर लगेगा।

उन्होंने कहा कि तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर जीएसटी 40 प्रतिशत की विशेष दर से लगेगा।

सीतारमण ने कहा, '' यह केवल जीएसटी में सुधार नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और लोगों की जीवन को सुगम बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।'' तंबाकू उत्पादों और सिगरेट को छोड़कर नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।

- ■ छेना, पनीर, रोटी, पराठे जैसे खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा
- ■ आम आदमी एवं मध्यम वर्ग के इस्तेमाल वाले उत्पादों- हेयर ऑयल, साबुन, साइकिल, हस्तशिल्प, संगमरमर, ग्रेनाइट पत्थर पर पांच प्रतिशत जीएसटी
- ■ छोटी कारों एवं 350 सीसी तक की मोटरसाइकिलों, तिपहिया, सभी वाहन कलपुर्जों, सीमेंट, सभी टीवी सेट पर 18 प्रतिशत जीएसटी
- ■ पान मसाला, तंबाकू उत्पादों, सिगरेट और एयरेटेड ड्रिंक, 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली मोटरसाइकिल, व्यक्तिगत इस्तेमाल वाले विमानों, 1200 सीसी से अधिक क्षमता वाली पेट्रोल कार और 1500 सीसी से अधिक क्षमता वाली डीजल कार पर 40 प्रतिशत की विशेष जीएसटी दर

# भारत-जर्मनी संबंधों को और व्यापक बनाने की अपार संभावनाएं

**नयी दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और विनिर्माण जैसे क्षेत्र में भारत–जर्मनी सहयोग को और व्यापक बनाने की अपार संभावनाएं हैं।

मोदी ने यह बात जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात के बाद कही। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत और जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा, जीवंत लोकतंत्र और अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हम व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार, विनिर्माण जैसे क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने की अपार संभावनाएं देखते हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा, हम एक बहुध्रुवीय विश्व, शांति और संयुक्त राष्ट्र सुधारों के लिए एक समान दृष्टिकोण रखते हैं। मैंने जर्मन चांसलर को शीघ्र भारत आने का निमंत्रण दोहराया।

वेडफुल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत के बाद मोदी से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद जर्मनी के विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यूक्रेन में युद्ध विराम के लिए भारत के आह्वान की सराहना की। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमारे देशों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को व्यापक स्तर पर, विशेष रूप से सुरक्षा एवं रक्षा, अर्थव्यवस्था एवं व्यापार तथा कुशल श्रम के क्षेत्र में विस्तारित करने के लिए अच्छे कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा, हम यूक्रेन में युद्ध विराम के लिए भारत के आह्वान की भी सराहना करते हैं।

### गैंगस्टर मैनपाल ढिल्ला को कंबोडिया से प्रत्यर्पित किया गया, गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/गुरुग्राम/भाषा।** हरियाणा के कुख्यात वांछित अपराधी मैनपाल ढिल्ला को राज्य पुलिस, केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में कंबोडिया से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हरियाणा के झज्जर जिले के बादली गांव का निवासी मैनपाल ढिल्ला उर्फ़ मैनपाल बादली पर हत्या समेत 22 मामले दर्ज हैं। अधिकारियों ने बताया कि 2007 और 2010 में दर्ज तीन मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद वह हिसार जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। अधिकारियों ने बताया कि ढिल्ला पर जेल में रहते हुए एक व्यक्ति की हत्या का भी आरोप है। उसे 17 जुलाई 2018 को पैरोल पर रिहा किया गया था, जिसके बाद वह फर्जी पहचान पत्र के साथ विदेश भाग गया था।



# चीन का कायाकल्प 'निर्बाध जारी' है : शी चिनफिंग

### चीन ने अपनी विशाल सैन्य परेड में कई नई हथियार प्रणालियों का अनावरण किया

**बीजिंग/भाषा।** चीन में बुधवार को आयोजित सैन्य परेड में हाइपरसोनिक, लेजर और लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों सहित कुछ अत्याधुनिक साजो सामान का पहली बार प्रदर्शन किए जाने के साथ राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि उनके देश का कायाकल्प ''निर्बाध जारी'' रहेगा।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक भव्य परेड को संबोधित करते हुए शी ने कहा, चीन कभी भी किसी भी धौंस से नहीं डरता और हमेशा आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ (शुल्क) धमकियों के संदर्भ में परोक्ष रूप यह बात कही। शी ने कहा, इतिहास हमें सचेत करता है कि मानवता एक साथ उठती और गिरती है। शी ने जन मुक्ति सेना (पीएलए) से राष्ट्रीय पुनरुद्धार के लिए रणनीतिक सहयोग प्रदान करने तथा विश्व शांति एवं विकास में अधिक योगदान देने का आह्वान किया।

चीनी सेना ने पहली बार परेड में अपने कुछ सबसे उन्नत सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन किया, जो दुनिया, विशेषकर अमेरिका के समक्ष शक्ति प्रदर्शन था। पीएलए की सर्वोच्च कमान केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के प्रमुख शी ने चीनी सेना से खुद को विश्व स्तरीय सुरक्षा बल बनाने और राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता एवं क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करने को कहा।

अमेरिका के बाद चीन दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट वाला देश है। इस साल इसका वार्षिक रक्षा बजट 250 अरब अमेरिकी डॉलर का है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कसा तंज



**बीजिंग/भाषा।** चीन ने दूसरे विश्व युद्ध में अपनी विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां एक विशाल सैन्य परेड का आयोजन किया जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन सहित 20 से अधिक विदेशी नेताओं ने शिरकत की।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस मौक़े पर चीन को बधाई दी और साथ ही तंज़ कसते हुए अमेरिका के ख़िलाफ़ 'साज़िश' रचने का आरोप लगाया। उन्होंने एक पोस्ट किया, बड़ा सवाल यह है कि क्या चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उस भारी समर्थन और 'रक्त' का ज़िक्र करेंगे जो अमेरिका ने चीन को विदेशी आक्रमणकारी से आज़ादी हासिल करने में मदद करने के लिए दिया था। ट्रम्प ने पुतिन और किम की अमेरिका के खिलाफ़ कथित तौर पर साज़िश रचने के लिए भी आलोचना की। उन्होंने कहा, व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, क्योंकि आप अमेरिका के खिलाफ़ साज़िश रच रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का बढ़ा फैसला : अब चेक बाउंस होने पर नहीं जाना पड़ेगा जेल

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति चेक बाउंस मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद शिकायतकर्ता के साथ समझौता कर लेता है, तो वह जेल की सजा से बच सकता है। कोर्ट ने अहम फैसले में कहा कि एक बार पार्टियों के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत दोषसिद्धि को बरकरार नहीं रखा जा सकता है।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत चेक बाउंस का अपराध मुख्य रूप से दिवानी प्रकृति का है और इसे विशेष रूप से आपराधिक बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक निजी विवाद है, जिसे निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आपराधिक क्षेत्र में लाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस निर्णय को पलटता है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बावजूद चेक बाउंस मामले में सजा को रद्द करने से इन्कार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब दोनों पक्षकार समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते हैं और शिकायतकर्ता डिफॉल्ट राशि का पूर्ण और अंतिम निपटारा स्वीकार कर लेता है, तो धारा 138 के तहत कार्यवाही को बरकरार नहीं रखा जा सकता।

खंडपीठ ने फैसले में कहा कि पक्षकार समझौता इसलिए करते हैं ताकि वे मुकदमेबाजी की लंबी प्रक्रिया से बच सकें। अदालतें इस तरह के समझौते को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 147 के तहत निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट में चेक बाउंस के अपराध को समझौता योग्य अपराध बनाया गया है, भले ही आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधान इसके विपरीत हों। यह समझौता कार्यवाही के किसी भी चरण में हो सकता है, विशेष रूप से जब पक्षकार स्वेच्छा से सहमति पर पहुंचे हों।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला छोटे व्यापारियों और व्यक्तियों के लिए विशेषरूप से फायदेमंद होगो दिसंबर, 2024 तक चेक बाउंस के 43 लाख से अधिक मामले लंबित थे। राजस्थान इस मामले में शीर्ष पर है, जहां 6.4 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का स्थान है।

# शहरी क्षेत्रों में यातायात सुगम बनाना प्राथमिकता : गडकरी

नयी दिल्ली/भाषा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शहरों में भीड़भीड़ को देखते हुए यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि शहरों में यातायात के संचालन के लिए रिंग रोड तथा बाईपास जैसी व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित कर ऐसे उपाय किये जाने चाहिए कि शहरी क्षेत्र में बाहरी वाहनों का दबाव कम हो लम्बी दूरी के वाहनों को शहर के बाहरी इलाके से ही अपने गंतव्य तक भेजा जा सके। उनका कहना था कि इस बारे में वह सहयोगी मंत्रियों तथा अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं।



गडकरी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शहरी क्षेत्रों के आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों के सतत विकास के लिए नवीन नीतिगत उपायों पर एक परामर्श कार्यशाला की अध्यक्षता की।

मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय टम्टा जी तथा हर्ष मल्होत्रा जी, राज्य सरकार के अधिकारी और नगर निगम आयुक्त इसमें शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान की चर्चा में रिंग रोड और बाईपास का निर्माण कर शहरी राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़भाड़ कम करने, नवीन मूल्य ग्राही वित्तपोषण मॉडल अपनाने और शहर के मास्टर प्लान के साथ निर्बाध संरेखण सुनिश्चित करने पर विचार किया गया।



### दिनाकरन नीत एएमएमके ने तमिलनाडु में राजग से नाता तोड़ा

**कुडलूर (तमिलनाडु)/भाषा।** टीटीवी दिनाकरन के नेतृत्व वाली पार्टी एएमएमके ने बुधवार को विश्वासघात के विरोध में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने की घोषणा की। अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) राज्य में विपक्षी गठबंधन छोड़ने वाली दूसरी पार्टी है। इससे पहले अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम ने हाल ही में अपनी पार्टी को गठबंधन से बाहर कर लिया था। जिले के कट्टुमन्नारकोइल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिनाकरन ने कहा, ''यह आंदोलन (एएमएमके) कुछ लोगों के विश्वासघात के खिलाफ शुरू किया गया था। हमें विश्वास था कि वे बदल जाएंगे लेकिन कुछ नहीं हुआ... हम मूर्ख नहीं हैं कि उन्हें अपने कंधों पर ढोएं। हमने कुछ महीनों तक प्रतीक्षा की कि दिल्ली (भाजपा) में बैठे लोग कोई उचित फैसला लेंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हम राजग छोड़ रहे हैं। हम दिसंबर में अपनी अगले कदम के बारे में जानकारी देंगे।'' उन्होंने विश्वासघात के संबंध में किसी का नाम उजागर नहीं किया।



# रूस ने यूक्रेन पर दागीं 500 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें

**कीव/एपी।** रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 500 से अधिक ड्रोन और दो दर्जन मिसाइलें दागीं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेता यूक्रेनी सुरक्षा को मजबूत करने और अब तक अमेरिकी नेतृत्व वाले असफल शांति प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखे हुए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हमले के मुख्य लक्ष्य नागरिक बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा सुविधाएं थीं। उन्होंने कहा कि रूस ऊर्जा सुविधाओं को सर्दी से पहले निशाना बनाकर अपने पड़ोसी को परेशान करने की आक्रामक नीति पर काम कर रहा है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमलों में मुख्य रूप से पश्चिमी और मध्य यूक्रेन को निशाना बनाया गया और कम से कम पांच लोग घायल हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लड़ाई रोकने के प्रयासों के बावजूद, हाल के महीनों में नागरिक क्षेत्रों पर रूसी हवाई हमले तथा 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में यूक्रेनी सुरक्षा को ध्वस्त करने के रूसी सेना के प्रयासों में कमी नहीं आई है।

जेलेंस्की ने हालांकि ट्रंप के युद्ध विराम और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने–सामने शांति वार्ता के प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन क्रेमलिन ने इस पर आपत्ति जताई है। हाल ही में कूटनीतिक गतिविधियों के बीच, पुतिन चीन में चीनी नेता शी चिनफिंग और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ–साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले। वाशिंगटन का कहना है कि ये देश रूस के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं।

# बिहार बंद के दरम्यान जमुई में कार्यकर्ताओं का सड़कों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन

- नारे लगाकर बंद कराई दुकानें
- पांच घंटे तक रहा यातायात बाधित खूब लगे नारे

रिपब्लिक नेशन।

**जमुई** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने के मामले में गुरुवार को एनडीए ने बिहार बंद का ऐलान किया है जमुई में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस ऐलान को अमलीजामा पहनाते हुए कई जगह विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम कि-ए। साथ ही भाजपा जदयू लोजपा रामबिलास समेत अन्य दलों के महिला प्रकोष्ठ की समर्थकों ने भी जमकर विरोध प्रदर्शन किया और गगनभेदी नारे लगा कर यातायात को बाधित किया एनडीए के लोगों ने भावना में बहते हुए दुकानों को भी बंद कराया और मोदी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से सन्नाटा को बेधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के अपमान के विरोध में राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत बीजेपी ने जमुई में 05 घंटे का बंद बुलाया था यह बंद सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। विरोध प्रदर्शन में बीजेपी के साथ एनडीए के सहयोगी दल जनता दल यूनाइटेड लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के समर्थक भी सड़क पर उतरे और बिहार बंद को प्रभावकारी बनाया। बंद की जिम्मेदारी बीजेपी महिला






मोर्चा को सौंपी गई थी महिला कार्यकर्ता भी सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और दुकानों को बंद कराया महिलाओं के नारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से विरोध प्रदर्शन और भी प्रभावशाली अवलोकित हुआ उनकी दमदार उपस्थिति यह संदेश दे दिया कि वे किसी भी अन्याय के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ खड़ी हैं बीजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद केशरी के नेतृत्व में बिहार बंद को जमुई में गति दिया गया जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई.शंभू शरण लोजपा रामबिलास के जिलाध्यक्ष जीवन सिंह गोपाल कृष्ण बृजनंदन सिंह पिंकी वर्मा सुनीता सिंह श्यामानंद सिंह अजय पासवान श्यामसुंदर तांती समेत बड़ी संख्या में एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिहार बंद को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई बीजेपी जिलाध्यक्ष श्री केशरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को अपमानजनक गाली दिए जाने के विरोध में बिहार में बीजेपी और एनडीए के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नारे लगाए और विरोध प्रदर्शन करते हुए अपना गुस्सा जताया इस घटना के खिलाफ बंद और प्रदर्शन के जरिए जनता के बीच यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि किसी भी अपमान या अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी के अपमान को देश का अपमान करार दिया जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई. शंभू शरण ने कहा कि पीएम मोदी की माता जी को गाली देकर विरोधियों ने अपनी मंशा साफ कर दी है जमुई समेत बिहार की जनता इसे गंभीरता से लेती है समूचा आवाम मोदी जी के साथ है

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना.....





**रिपब्लिक नेशन।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात मुख्य सचिव द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी।

पूजा अर्चना पश्चात मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मुख्य सचिव को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद प्रदान किया।

इस मौके पर उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा एवं संबंधित अधिकारी, दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### संदिग्ध गतिविधि : ग्रामीणों में दहशत, पुलिस छानबीन में जुटी

- देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के कदरसा गांव में दिखे ड्रोन

**रिपब्लिक नेशन/संवाददाता /देवघर।** जिले के रिखिया थाना क्षेत्र बीचगढ़ा पंचायत के कदरसा गांव में बुधवार की रात आसमान में लोगों ने ड्रोन देखा। ड्रोन देखने के बाद ग्रामीणों में दशक का माहौल रहा । दशक में ग्रामीण देर रात तक जागते रहे। साथ इसकी सूचना पुलिस को दी ,मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। लेकिन ड्रोन संबंधी जानकारी नहीं मिल सकी। कदरसा गांव में आसमान में ड्रोन जैसी चमकदार चीज घूमती देखी गयी ।ग्रामीणों ने इसकी फोटो खींची वीडियो भी बनाया ड्रोन देकर पूरे इलाके में हलचल मच गयी ।लोग फोन करके एक दूसरे को ड्रोन उड़ने की जानकारी देते रहे।



बुधवार देर रात कदरसा गांव में दिखे ड्रोन

» संदिग्ध गतिविधियों मानकर दहशत रही

काफी देर तक आसमान में घूमते रहे इन ड्रोन को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं और आप आए फैलने लगी किसी ने इसे सर्वे से जोड़ा तो किसी ने इसे संदिग्ध मानकर दशत भी जाता है।

### डीएवी भंडारकोला में बैज समारोह का आयोजन



**रिपब्लिक नेशन ।**सातर रोड स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में बैज समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल सहित अन्य प्रतिनिधियों के रूप में बैज प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओ, बिजली विभाग, बासुकिनाथ राजकमल रजक, विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा, सहोदया देवघर के अध्यक्ष रामसेवक सिंह गुंजन, रेड रोज के प्राचार्य अनिल पांडे और गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत गान के साथ हुआ। तत्पश्चात चयनित छात्रों को बैज पहनाकर उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह जिम्मेदारी छात्रों के लिए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श नेतृत्व का प्रतीक है।

प्राचार्य बलराम कुमार झा ने सभी बैजधारी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ईमानदारी, सहयोग और टीमवर्क के साथ विद्यालय का गौरव बढ़ाएँ। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर उनके लिए आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सुनहरा अवसर है। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान: पबिया और शहरपुर पंचायत में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित



**संवाददाता/जामताड़ा/रिपब्लिक नेशन।** कांग्रेस पार्टी के द्वा-रा नारायणपुर प्रखंड के पबिया एवं शहरपुर पंचायत में संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा,प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने नवनियुक्त पंचायत पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया ।कार्यक्रम के दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया और नव-नियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का आ''ान किया ।मौके पर शहरपुर पंचायत अध्यक्ष इम्तियाज़ अंसारी, सचिव जाकिर अंसारी, उपाध्यक्ष राजू पंडित, महासचिव वाहिद अंसारी, पबिया पंचायत के अध्यक्ष जलसिंह बेसरा, उपाध्यक्ष श्रीकांत मंडल एवं परिमल कुमार बेसरा, भुलेश्वर बावरी, बिरसिंह मुर्मू, राजेश सोरेन, महादेव मुर्मू , सहदेव हेंब्रम, शुक्र बावरी, गोपाल बेसरा ,शंकर मंडल ,संजय मरांडी, महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया । डेविड मुर्मू, गोपाल गोस्वामी, यूनुस अंसारी, मकरुद्दीन अंसारी, सोनेलाल हांसदा, जोगेन टुडू, रामदेव पंडित, रवि तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

## नया ट्रांसफार्मर लगने से जगमगाया कादरसा, ग्रामीणों में छाई खुशी की लहर

### फेसबुक पर पकड़ा तुल प्रतिनिधि अब कर रहे लगाने का अलग-अलग दावे

रिपब्लिक नेशन /

**देवघर।** मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के बीचगढ़ा पंचायत के कदरसा गांव में पिछले एक महीने से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित थी। इस वजह से 50 से ज्यादा परिवारों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने गांव के मुखिया प्रतिनिधि को खराब ट्रांसफार्मर को लेकर अवगत भी कराया गया था।इसके वजूद भी ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो सका। उधर इसकी जानकारी पंचायत के सुमेश्वर यादव को इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष मिथिलेश सिंह को दी। उन्होंने बिजली विभाग अधिकारियों से बात कर 24 घंटे के अंदर में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया। ग्रामीणों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।



कदरसा गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाते विद्युत मिस्त्री

**फेसबुक पोस्ट में अलग-अलग दावे**



Dhaneshwer Yadav
32m
ग्राम-कदरसा में 100केबी का ट्रांसफार्मर लगवाते हुये

Ajay Kumar Yadav
3h
बीचगढ़ा पंचायत के कदरसा गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रह रहा था सूचना मिलते ही मुखिया जी का प्रयास और मेरा सहयोग से 24 घंटे के अंदर 100 केवि का ट्रांसफार्मर लगाया।

Sumeshwar Yadav
8,8,2025को हि मुखिया ने ट्रांसफार्मर के बारे में लेटर पेड पे लिखा था 24 घंटा कितने दिनों में होता है मैं 24 घंटा में उपलब्ध कराया सिर्फ फोटो खींचाने नहीं पहुंच पाए हम गांव से बाहर थे

Sumeshwar Yadav
1h
एक महीना से कादरसा गांव में ट्रांसफार्मर जला हुआ था मुखिया प्रतिनिधि ने ग्रामीण को आजकल आजकल कह कर के फोन भी रिसीव नहीं करता था इनकी सूचना मैंने पूर्व विश्व सूत्री अध्यक्ष मिथिलेश भैया को जानकारी दी 24 घंटा में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया और आज हम अपने गांव में नहीं हैं उनकी फायदा बेशर्म सब उठाने चले गए हैं फोटो खींचाने शर्म आनी चाहिए

## विस्थापितों की भागीदारी के बिना आयोग सिर्फ़ छलावा- विस्थापित अधिकार मंच






**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विस्थापितों का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। लंबे समय से लंबित विस्थापन और पुनर्वास से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने विस्थापित एवं पुनर्वास आयोग के गठन की घोषणा की है। इस घोषणा का स्वागत करते हुए भी विस्थापित संगठनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आयोग में विस्थापितों को शामिल नहीं किया गया तो यह कदम महज़ दिखावटी और छलावा बनकर रह जाएगा। विस्थापित अधिकार मंच फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश रंजन एवं सचिव विवेक सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वास्तविक विस्थापितों को दरकिनार कर बनाया गया आयोग, विस्थापितों के जख़्मों पर नमक छिड़कने जैसा होगा। अब और धोखा नहीं चलेगा।

पहले भी पुनर्वास नीतियाँ खोखली साबित हुईं, जहाँ विस्थापितों के अधिकारों की लूट कर दलालों और भ्रष्टाचारियों को फायदा पहुँचाया गया। यदि इतिहास को दोहराया गया तो विस्थापित चुप नहीं बैठेंगे।

समिति ने सरकार से स्पष्ट मांग की है कि आयोग में सिर्फ़ रेयती जमीन दाता विस्थापितों को शामिल किया जाए। अन्यथा विस्थापित समुदाय राज्यव्यापी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## महागामा शिक्षण कार्य हमारे लिए एक मिशन : रीतेश मैं पिछले 17 वर्षों से

रिपब्लिक नेशन।

**बासु कुमार की रिपोर्ट ।** गोड्डा जिला अंतर्गत महागामा प्रखंड के मध्य विद्यालय चिल्हा में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हूं। आमतौर पर आदिकाल से ही शिक्षकों का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। साथ उनका दिव्य आभामंडल भी। वक्त के अनेक जाने-अनजाने थपेड़ों से लहूलूहान होकर भी एक उन्नत समाज निर्माण के दायित्व का भार भी शिक्षकों पर ही है। जिसका वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करते चले आ रहे हैं। जिनमें डॉ० राधाकृष्णन और अबुल कलाम आजाद जैसे अनगिनत विभूतियों ने अपनी आहुतियां दी हैं। वे ही हमारे आदर्श भी हैं।मैं भी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए इसी गौरवपूर्ण श्रृंखला की एक कड़ी मात्र हूं।



तमाम निराशाजनक परिदृश्य के बावजूद हमारे द्वारा शिक्षकों के लिए निर्धारित सरकारी दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्यों का ईमानदारी और निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जाता रहा है। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में एक मशाल जलाए रखने का प्रयास भर है। यही एक शिक्षक का दायित्व भी है। मैं एक दीपक की तरह जलना चाहता हूं ताकि ता-रे जमीं पर के भविष्य के नींव को मजबूत बना सकूं, अपने स्कूल के मासूम फूलों को एक सुंदर क्या-री में सुगंधित, पुष्पित, पल्लवित होता देख सकूं। इन चिरागों को जो हमारे देश का भविष्य हैं को, हंसते-मुस्कुराते और रौशन होता देख सकूं। उन्हें आज के बिखरते सामाजिक ताना-बाना को एक कुशल जुलाहे की तरह जोड़ना सीखा सकूं। अपने छात्रों को जीवन पथ पर अग्रसर कर सकूं। मैंने एक शिक्षक के तौर पर यही लक्षय निर्धारित किया है। मैं इस प्रखंड के परिवर्तन दल एवं निष्ठा दल का भी सदस्य हूं। रिसोर्स पर्सन भी। ज्ञानसेतु और एफएलएन जैसे महती कार्यक्रम का फैसिलिटेटर होने के साथ-साथ अनुश्रवण दल का भी सदस्य हूं। मैं बतौर प्रशिक्षक अनेक ट्रेनिंग प्रोग्राम को भी लीड कर चुका हूं। जिसमें हमारे द्वारा अपने वरीय सहकर्मी, गुरुजनों तथा अपने छोटे भ्राता सामान शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का सफलतापूर्वक कार्य किया है। यह हमारे लिए हर्ष और गर्व का भी विषय है।शिक्षा के प्रति मेरी व्यक्तिगत सोच है कि यह कोई व्यवसाय अथवा जीवन निर्वाह का साधन नहीं है। बल्कि एक सुंदर, सहनशील, विवेकपूर्ण और विकसित समाज निर्माण की दिशा में पहला कदम और प्रयास है। और मुझे यह गौरवपूर्ण दुर्लभ अवसर मिला है। सरकार और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों को बखूबी समझता हूं। और इस दिशा में सतत प्रयत्नशील भी रहता हूं। आज शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र बनकर उभर रहा है जो मौजूदा प्रोफेशनल युग में लोगों की तमाम अपेक्षाओं के बावजूद भी अनेक गरीब, बेबस और असहाय ग्रामीण परिवारों के लिए ज्ञान और संस्कार की एकमात्र उम्मीद है। शिक्षा ही उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने और उनके उत्थान को लेकर शक्तिशाली हथियार भी है। यह महायज्ञ की तरह से है। मैं भी जिसका एक दीपक हूं, एक माध्यम। यह हमारे लिए एक मिशन है।मेरे लिए शिक्षण कार्य केवल एक दिनचर्या और जीवन यापन का माध्यम नहीं है। अपितु संवेदनशील रहकर जीवन का सबसे बेसकीमती जज्बात है। केवल पढ़ना ही नहीं बल्कि पढ़ना भी मेरे लिए जीवन जीने की संजीवनी बन चुकी है। मैं सतत अध्ययनशील रहकर विद्यालय में अध्यापन कार्य करता हूं। निरंतर अध्ययन जीवन के प्रति अपना दृष्टिकोण समझने और अध्यापन के दौरान विद्यालय में अभिनव प्रयोग करने की दिशा में अत्यंत मददगार साबित हुआ है। शिक्षक और छात्रों के बीच, शिक्षक और शिक्षक के बीच, शिक्षक और अभिभावक के बीच, शिक्षक और प्रशासन के बीच, यहां तक की विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय लोकल राजनीतिज्ञों के साथ भी इस अध्ययन और अध्यापन ने एक सुंदर सामंजस्य बैठा कर अपने विद्यालय को अच्छी ग्रेडिंग दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

यह मिशन तो हमारे जीवन का उदेश्य बन ही चुका है। जीवन का शेष भाग भी इस ज्ञान यज्ञ को ही समर्पित है।

## कुकडू हाट मैदान में कुंदन कुमार ने विखेरा जलवा, रात भर झुमे दर्शक





**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु में साप्ताहिक गणेश पूजा महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार की रात आयोजित कुंदन कुमार नाइट कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से उन्हें भगवान गणेश का मुखौटा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव हरेलाल महतो, अशोक साव, सत्यनारायण महतो, सुनील सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और हजारों की भीड़ मौजूद थी।

सुदेश महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में उत्सव का आनंद लेने की अपील की और भगवान गणेश से सभी की मनोकामना पूर्ण होने की कामना की । रातभर कुंदन कुमार नाइट का लोगों ने लुत्फ उठाया। कुंदन कुमार और लेडी कलाकारों की जलवा से दर्शक जमकर मनोरंजन किया। मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधायक डॉ लुईस मरांडी ने किया नव निर्मित सांस्कृतिक कला केंद्र का विधिवत उद्घाटन

**जामा(दुमका)/रिपब्लिक नेशन।** जामा विधायक डॉक्टर लुईस मरांडी ने गुरुवार को प्रखंड के छैलापाथर पंचायत अंतर्गत निश्चितपुर गांव में नव निर्मित सांस्कृतिक कला केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इसके अलावा जामा विधायक डॉक्टर लुईस मरांडी ने छैलापाथर पंचायत के निश्चितपुर फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विभीषण मुर्मू, सचिन गौतम कुमार दर्वे, पूर्व जिलाध्यक्ष विशु टुडू, उपाध्यक्ष निर्मल बेसरा, बोदीलाल मरांडी ,सत्तार खान ,अनाउल अंसारी ,सुशील मरांडी ,बलराम मंडल पंचायत अध्यक्ष मोलिंद्र मरांडी ,सकीम अंसारी ,अकरम अंसारी बप्पी झा एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## सेक्टर और पुलिस पदस्थ गहनता से सीखें ईवीएम का गूर

- 151 सेक्टर पदाधिकारी और 151 पुलिस ओहदेदारों ने जाना ईवीएम और वीवीपेट के संचालन का तरीका
- हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रिपब्लिक नेशन ।

**जमुई** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम श्री नवीन की अध्यक्षता में राजकीय महिला कॉलेज सोनपे के प्रशाल में 151 सेक्टर पदाधिकारियों और 151 पुलिस ओहदेदारों को ईवीएम और वीवीपेट का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दिए जाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया 240 सिकंदरा सु विधानसभा क्षेत्र 241 जमुई 242 झाझा और 243 चकाई विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी नामित पदस्थों ने प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया और अपना क्षमतावर्धन किया मास्टर ट्रेनर ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट बैलेट यूनिट व वीवीपेट की कमीशनिंग कैसे की जाती है की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही कंट्रोल यूनिट बैलेट यूनिट व डिस्पले यूनिट की सिलिंग प्रक्रिया को भी बताया प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी और कर्मियों ने ईवीएम कमीशनिंग के सभी बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया इसके बाद हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभ्यास भी किया



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सेक्टर ऑफिसर की होती है हर प्रक्रिया की जानकारी सेक्टर ऑफिसर अवश्य रखें सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें ताकि किसी भी प्रकार की कठिनाई चुनाव के समय न हो उन्होंने प्रशिक्षण की प्रक्रिया पर बल देते हुए कहा कि जितनी गहनता से सेक्टर ऑफिसर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उतनी सुगमता से अपने दायित्वों का ग्राउंड में निर्वाह्न कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम से संबंधी कोई भी शंका हो तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें साथ ही जारी गाइडलाइंस के अनुरुप सभी कार्यों का उचित संचालन सुनिश्चित करें पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने कहा कि ईवीएम और वीवीपेट का व्यवहारिक ज्ञान नितांत जरूरी है निर्बाध रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए पदस्थ इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राम दुलार राम डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार एसडीएम सौरभ कुमार उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. नजरूल हक समेत प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी आदि संबंधित ओहदेदार प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बने

## संक्षिप्त समाचार

### ईद मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या डुमरी व निमियाघाट थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**रिपब्लिक नेशन। डुमरी।** ईद मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या के मौके पर डुमरी पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला।



यह फ्लैग मार्च डुमरी अनुमंडल कार्यालय से प्रारंभ होकर डुमरी थाना व निमियाघाट थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व डुमरी इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने किया। मौके पर डुमरी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल और निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार भी मौजूद थे। फ्लैग मार्च में पुलिस के जवानों के अलावा पुअनि रूपेश कुमार, गोपाल कुमार, निकोलेश सोरेन, मणिलाल देवी गहलोत, सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आम लोगों से संवाद स्थापित करते हुए शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने लोगों से अपील किया कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, अधिकारीगण ने स्पष्ट किया कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कहा कि किसी भी प्रकार का अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ज्योति प्रहरी का सम्मानः पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में शिक्षक दिवस समारोह



**राजकुमार/गोमिया/रिपब्लिक नेशन।** पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में प्रातः कालीन सभा के दौरान शिक्षक दिवस से एक दिन पूर्व विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण द्वारा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र, हिंदी में शपथ, एक मधुर हिंदी गीत और अंग्रेजी व हिंदी दोनों में प्रेरक विचारों के साथ हुई। इसके बाद कक्षा सातवीं-बी के अनुज यादव ने प्रकृति पर्व कर्मा पूजा पर एक विचारोत्तेजक भाषण दिया, जिसने छात्रों और शिक्षकों दोनों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक अजय कुमार को विद्यालय में समर्पित सेवा के 25 वर्ष पूरे करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय समुदाय की ओर से कृतज्ञता और सम्मान के प्रतीक के रूप में उन्हें एक स्मृति चिन्ह, एक कलाई घड़ी और एक शॉल भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता, विद्यालय संचालक समिति के सदस्यगण एवं विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास द्वारा शिक्षकों एवं स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं और उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और शिक्षकों के समर्पण और महत्व पर जोर दिया। वहीं आइइपीएल ओरिका, गोमिया के महाप्रबंधक अभिषेक विश्वास ने अपने संदेश में शिक्षकों के आदर्श और राष्ट्र निर्माता के रूप में महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षक समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिका उपस्थित थे।

### बीएन साहा डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**रिपब्लिक नेशन । गिरिडीह।** सिरसिया स्थित बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने विद्यालय प्रांगण में स्थित आदर्श शिक्षक एवं देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों ने अपने शिक्षकों को समर्पित एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, कविता की प्रस्तुति दी और मन को मोह लिया।

विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक एक कुम्हार की भांति छात्रों में एक सुंदर आकृति प्रदान करते हैं, जो अपने प्राप्त ज्ञान के आधार पर अपने उत्कृष्ट कार्यो के माध्यम से समाज को उन्नत बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि दूरदर्शी अभिभावक विद्यालय को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए दिशानिर्देशित करें, या उन्हें कोई समस्या हो तो विद्यालय आकर रखें। हम और आप मिलकर इसका समाधान करेंगें। अभिभावकों के सुझाव का विद्यालय स्वागत करता है। उन्होंने शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दी।

### मिलाद उन नबी को ले जिला प्रशासन व जिला पुलिस द्वारा निकली फ्लैग मार्च



**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह ।** जिला प्रशासन ओर पुलिस प्रशासन की ओर से मिलाद उन नबी त्यौहार को लेकर गुरुवार को बड़ा चौक से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में डीसी रामनिवास यादव ,पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, एसडीएम सदर श्रीकांत यशवंत विष्पुते, एसडीपीओ सदर जीतवाहन उरांव समेत अन्य अधिकारी पुलिस पदाधिकारी थाना प्रभारी शामिल थे। यह फ्लैग मार्च बड़ा चौक से मुस्लिम बाजार मौलाना आजाद चौक टॉवर चौक होते हुए भंडारीडीह पचंबा पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे सौहार्द माहौल में त्यौहार मनाने का अपील किया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।



# कहीं एक, कहीं दो, तो कहीं चार माह से जले हैं ट्रांसफार्मर : राजेश यादव

## शिकायतों को अनसुना कर रहा है बिजली विभाग, फॉरवर्ड ब्लॉक करेगी आंदोलन

रिपब्लिक नेशन।



**गिरिडीह।** कई गांवों के बिजली के ट्रांसफार्मर जलने की शिकायतों को बिजली विभाग लगातार अनसुना कर रहा है। जानकारी के अनुसार कहीं 1 माह, कहीं 2 माह तो कहीं 4 माह से भी ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं, जिन्हें बिजली विभाग बदल नहीं रहा है। प्रभावित गांवों के लोगों सहित इलाके के पंचायत स्तर के जन प्रतिनिधि भी शिकायत करके थक चुके हैं, और सांसद-विधायक को भी इसकी चिंता दिख नहीं रही है। ऐसे में जनता इस सवाल पर आंदोलन को बाध्य हो रही है।

उपरोक्त बातें पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने आज गिरिडीह सदर प्रखंड के कोवाड़ तथा मानिकबाद गांव में वहां के लोगों से मिलने के दौरान बिजली से जुड़ी उनकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद कही। श्री यादव ने कहा कि, कोवाड़ में चार माह से ट्रांसफार्मर जला पड़ा है। गांव के लोग जीएम कार्यालय तक पहुंचे आश्वासन मिला लेकिन आज तक ट्रांसफार्मर नहीं मिल सका। तारुबेड़ा में भी 2 माह से ट्रांसफार्मर जला हुआ है और मानिकबाद के भी लोग ट्रांसफार्मर जलने से पिछले 1 माह से अंधेरे में हैं।

कहा कि लोगों को समझ में नहीं आ रहा कि क्या करें.? स्थानीय प्रतिनिधि शिकायत करके थक चुके हैं। इलाके के सांसद-विधायक या उनके आगे-पीछे करने वाले लोग भी इस समय मौन हैं। इसलिए आम लोग भी यह समझने लगे हैं कि, अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है। फॉरवर्ड ब्लॉक इस लड़ाई में उनके साथ है।

श्री यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चेताया कि, एक सप्ताह के अंदर अगर तीनों गांवों में ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो जीएम कार्यालय के समक्ष स्थानीय लोगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान मुख्य रूप से फॉरवर्ड ब्लॉक नेता मनोज कुमार यादव, पंकज वर्मा एवं सोबराती अंसारी सहित दुबराज किस्कू, मुनिलाल सोरेन, मोतीलाल किस्कू, श्यामलाल सोरेन, बिदु मुर्मू, बबलू मुर्मू, मीना सोरेन, संगीता मुर्मू, संगीता बास्की, नीलम देवी, चांदमुनी देवी व अन्य मौजूद थे।

## साड़म में आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास, प्रशासन एवं पुलिस के सूझबूझ से मामला शांत हुआ

रिपब्लिक नेशन।



**गोमिया।** एक ओर जश्न ए ईद मिलादुन्नबी मनाने की तैयारी जोरो से की जा रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा साड़म में आपसी सौहार्द बिगाड़ने का असफल प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस एवं प्रशासन और दोनों समुदाय के लोगो की सूझबूझ से साड़म में एक बार फिर आपसी सौहार्द बिगड़ने से बच गया। वहीं जिले के पुलिस कप्तान ने मामले पर संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कार्यवाही करने की बात कही है, साथ ही लोगो से इलाके में शांति बनाए रखने की अपील की है। जानकारी के अनुसार गोमिया के साड़म पंचायत स्थित नैनाटांड़ में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी मनाने की तैयारियां जोरो से की जा रही थी। लोग जगह जगह सजावट करने के साथ साथ धार्मिक झंडे लगाने में लगे हुए थे। वहीं देर रात कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा आपसी सौहार्द में खलल डालने का असफल प्रयास किया गया। असमाजिक तत्वों के द्वारा एक धार्मिक झंडे को उखाड़कर पास के ही खेत मे फेंक दिया गया था। इस बात की जानकारी जैसे ही लोगो को हुई, तो लोग धीरे धीरे उक्त स्थल पर जमा होने लगे। कुछ देर बाद काफी संख्या में लोग एकत्रित होकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करने लगे।

वहीं मामले की जानकारी मिलते ही गोमिया इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, तेनुघाट ओपी प्रभारी छटन महतो, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति घटना स्थल पर पहुंच कर लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया। इस संबंध में प्रशासन ने कहा कि जो लोग भी आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेंगे, वे लोग किसी भी कीमत में बक्से नही जाएंगे। पुलिस जल्द ही ऐसे असमाजिक तत्वों को जेल भेजने का कार्य करेगी।

मौके पर स्थानीय मुखिया अनारकली,मुखिया प्रतिनिधि असनुल इस्लाम, वारिस आलम, नेपाली सिंह, सुनील यादव, मोकिम अंसारी, मो शहनवाज, रामकिशुन रविदास, संतोष यादव, मो जिलानी, अनवर अंसारी, जंहागिर अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी, मो शमसुल, मो मकसूद, मो रुस्तम, मो शम्सजहाँ,बबलू वारसी, मुर्शिद आलम आदि मौजूद थे।

## पितृपक्ष को लेकर कझिया घाट पर सफाई व्यवस्था तेज़

**बासु कुमार की रिपोर्ट/रिपब्लिक नेशन।** गोड्डा। पितृपक्ष (7 से 21 सितम्बर) के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद गोड्डा ने कझिया नदी घाट, रौतारा पर व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य घाट और उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखना है, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को तर्पण और पिंडदान करने में कोई असुविधा न हो।



सफाई अभियान की निगरानी और प्रेरणा के लिए समाजसेवी सौरभ परासर उर्फ बच्चू झा, निवर्तमान वार्ड पार्षद गुणानंद झा और अश्वनी झा बबलू मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर परिषद के कर्मचारियों से पितृपक्ष शुरू होने से पहले ही घाट की पूरी तरह से सफाई कर लेने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पूरे पितृपक्ष के दौरान घाट की निरंतर सफाई और रखरखाव होता रहे।

इस महत्वपूर्ण कार्य में नगर परिषद के कर्मचारी सुमेश्वर मेहतर, दीपक कुमार और अविनाश कुमार पूरे लगन के साथ जुटे हुए हैं। वे घाट से कचरा और गंदगी हटाने, झाड़ू लगाने और नदी के किनारे को साफ करने का काम युद्धस्तर पर कर रहे हैं।

नगर परिषद ने बताया कि हर साल पितृपक्ष में हजारों श्रद्धालु अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस घाट पर आते हैं। उनकी आस्था और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पितृपक्ष शुरू होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएगी।

## ईद-मिलादुन्नबी पर वार्ड 20 में चला विशेष सफाई अभियान

**बासु कुमार की रिपोर्ट /रिपब्लिक नेशन।** गोड्डा। जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके को देखते हुए, गोड्डा नगर परिषद ने जिला मुख्यालय के वार्ड संख्या 20, आज़ाद नगर फसियाडंगाल रोड और इब्ने तैमिया मदरसा गली में विशेष सफाई अभियान चलाया है। यह कदम तब उठाया गया जब समाजसेवी सौरभ परासर उर्फ बच्चू झा ने नगर परिषद को क्षेत्र में फैली गंदगी और झाड़ियों की समस्या से अवगत कराया था।



स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए लंबे समय से यह समस्या बनी हुई थी, जिससे आवाजाही में दिक्कतें आ रही थीं और अस्वच्छ वातावरण के कारण बीमारियाँ फैलने का खतरा भी बढ़ गया था। सौरभ परासर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नगर परिषद से संपर्क साधा और सफाई की मांग की।

नगर परिषद ने उनकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल सफाई अभियान शुरू करवाया। अभियान के दौरान, सड़क के दोनों ओर उगी हुई झाड़ियों को पूरी तरह से साफ किया गया। इसके साथ ही, गली-मोहल्लों में जमा कचरे और गंदगी का भी निपटारा किया गया, जिससे पूरा इलाका साफ-सुथरा और स्वच्छ दिखाई देने लगा।

इस सफल पहल के बाद, समाजसेवी सौरभ परासर ने नगर परिषद प्रशासक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय इस तरह की त्वरित कार्रवाई से लोगों को बहुत राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी नगर परिषद स्वच्छता बनाए रखने के लिए इसी तरह तत्पर रहेगी। स्थानीय निवासियों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया और नगर परिषद के प्रयासों की सराहना की। उनका कहना था कि त्योहारों के अवसर पर स्वच्छ वातावरण मिलने से खुशी दोगुनी हो जाती है। यह अभियान न केवल स्वच्छता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल को भी दर्शाता है।

## एनडीए के आहवान पर कराया गया लखीसराय बंद

रिपब्लिक नेशन।

**लखीसराय ।** एनडीए के आहवान पर सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष रामानंद मंडल, भाजपा नेता सनोज साहू, अजय कुशवाहा, शिवशंकर राम और आशा पासवान ने कड़े बयान दिए।



माँ का अपमान बिहार बंद के तत्वावधान में आयोजित बिहार बंद को लेकर लखीसराय, सूर्यगढ़ा, बड़हिया, तेतरहाट, कजरा, अभयपुर एवं हलसी सहित जिले के सभी प्रमुख बाजार सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूर्णतः बंद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताश्री के अपमान से आहत बिहार की जनता ने आज यह सिद्ध कर दिया है कि मातृशक्ति का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है। यह बंद जनता का आत्मिक आ''ान है और इसका संदेश है कि अपमान किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।''

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि बंद के दौरान अत्यावश्यक कार्य एवं आपातकालीन सेवाएँ यथावत बहाल रहीं।

जदयू जिलाध्यक्ष रामानंद मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि ''यह बंद केवल एनडीए का नहीं बल्कि बिहार की माँ-बहनों के सम्मान का आंदोलन है। महागठबंधन नेताओं की अपमानजनक भाषा ने समाज की संवेदनाओं को आहत किया है। जनता ने आज एकजुट होकर यह दिखा दिया कि हम माँ की गरिमा और अस्मिता के लिए हमेशा खड़े रहेंगे।''

भाजपा जिला महामंत्री सनोज साहू ने कहा कि ''आज का बिहार बंद एनडीए की एकजुटता और जनता के सहयोग का प्रतीक है। कांग्रेस और राजद नेताओं ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी की माता पर अमर्यादित टिप्पणी की है, वह निंदनीय ही नहीं बल्कि सामाजिक मर्यादाओं पर भी हमला है। जनता ने इसे करारा जवाब दिया है।''

भाजपा मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा ने कहा कि ''एनडीए का यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रहा। हमारे कार्यकर्ताओं ने जनता से कंधे से कंधा मिलाकर मातृशक्ति के सम्मान की लड़ाई लड़ी। यह बंद साबित करता है कि लखीसराय की जनता किसी भी अपमानजनक टिप्पणी को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।''

जदयू नेता एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवशंकर राम ने कहा कि ''प्रधानमंत्री जी की माता पर की गई अभद्र टिप्पणी पूरे बिहार की मातृशक्ति का अपमान है। यह आंदोलन हमारी सामाजिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। लखीसराय की जनता ने दिखा दिया है कि यहाँ माँ-बहनों का सम्मान सर्वोच्च है।''

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आशा पासवान ने कहा कि ''महागठबंधन नेताओं द्वारा दिया गया आपत्तिजनक बयान हर महिला का अपमान है। हम महिलाएँ किसी भी स्थिति में ऐसी भाषा को स्वीकार नहीं कर सकतीं। आज बिहार बंद में महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि मातृशक्ति का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।''

एनडीए ने स्पष्ट किया कि यह विरोध पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से किया गया।

विद्यापीठ चौक : भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष देवानंद साहू, जिला महामंत्री सनोज साहू, मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा, जिला मंत्री हिमांशु पटेल, अभिषेक सिंह, नगर अध्यक्ष मुकुल सिंह, जदयू नेता एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव शंकर राम, कमल किशोर सिंह, मौसम पटेल के नेतृत्व में विरोध दर्ज किया गया।

शहीद द्वार : जदयू जिलाध्यक्ष रामानंद मंडल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विकास आनंद, महिला मोर्चा अध्यक्षा आशा पासवान, ओबीसी मोर्चा प्रभारी घनश्याम मंडल व उपाध्यक्ष गौतम मंडल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाला।

सभी एनडीए के घटक दलों के मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया और महागठबंधन के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद किया।

# एकता कल्चरल फाउंडेशन का स्थापना दिवस संपन्न हुआ

## समारोह में मुख्य अतिथि रहे गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी

रिपब्लिक नेशन।





**गिरिडीह।** एकता कल्चरल फाउंडेशन का द्वितीय स्थापना दिवस बुधवार देर रात को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी शामिल हुए।

बताया गया कि एकता कल्चरल फाउंडेशन का दो साल में 34 वां कार्यक्रम था। फाउंडेशन अपने आप में गिरिडीह जिके में एक साल में 34 प्रोग्राम करने का एक मिशाल कायम किया है। एकता कल्चरल फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य संगीत को पूर्ण रूप से बढ़ावा देना है।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी ने कहा कि कला को बढ़ावा देने के लिए हमेशा एकता कल्चरल फाउंडेशन के साथ है,मै हमेशा फाउंडेशन के टीम की सराहना करता हूं।

फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह में सभी कलाकारों को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है,एकता में अभी 60 मेंबर है जल्द 100 मेंबर का लक्ष्य है, गिरिडीह में अलग अलग संगठन हैं , सभी कला को आगे बढ़ा रहे हैं । फाउंडेशन सभी का सम्मान करता है,बहुत जल्द सभी संगठन के अगुवा अधिकारी के साथ बैठक कर एक बड़ा कार्यक्रम करने का लक्ष्य है।वही अध्यक्ष बबलू सानू ने कहा कि गिरिडीह का नाम झारखंड ही नहीं पूरे भारत में बढ़ाना है। किंतु सभी संगठन के बेहतर सिंगर को स्टेज देना लक्ष्य है किंतु मेंबर बनाने का भी शर्त लागू करना होगा,कुछ लोग बिना मेंबर के ही बिना समर्थक के ही गाने की उत्सुकता रखते है जिससे कार्यक्रम में बाधा होती है,सबसे पहले मेंबर होंगे उसके बाद कोई और होंगे,कुछ स्पेशल सिंगर को छोड़कर यह नियम बनाया जाएगा।

तबियत बिगड़ जाने के कारण इस कार्यकम में अधिकारी संजू खान की नहीं आ पाए। मौके पर इस कार्यक्रम में अध्यक्ष बब्लू सानु , चेयरमैन राजेश सिन्हा, महासचिव पंकज शर्मा, सचिव कासिम खां, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार, ताहिर इमाम, संदीप अग्रवाल,सैयूम, विक्रम शर्मा, मुजम्मिल, उदय सिंह,अजय ताती, बाबू, तौसीफ, श्रवण कुमार, अजीत यादव, राजेश कुमार सहित स्पेशल गेस्ट सिंगर के बतौर प्रकाश के साथ अन्य कलाकार और समर्थक भी मौजूद थे।

# करमा पर्व पर मासीपीढ़ी बस्ती पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, मांदर की थाप पर झुमें, व्रतियों से लिया आशीर्वाद

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।

**हजारीबाग।** करमा पर्व के पावन अवसर बुधवार की देर शाम को सांसद मनीष जायसवाल नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित मासीपीढ़ी बस्ती में करमा अखाड़ा पहुँचे। उन्होंने मांदर की थाप पर जमकर थिरकते हुए पारंपरिक करमा नृत्य किया और इस मौके पर मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ाया।





सांसद ने करमा वृक्ष की पूजा-अर्चना कर करमा की परिक्रमा की और सभी व्रतियों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

यह पर्व प्रकृति और भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। सांसद मनीष जायसवाल की यह सहज और पारंपरिक भागीदारी दर्शाती है कि वे जनता के साथ अपनी संस्कृति और मूल्यों से गहरे जुड़े हुए हैं। पतरातु बस्ती में जीवंत हुई झारखंडी संस्कृति, करमा पर्व में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

बुधवार करमा पर्व के पावन अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित पतरातु बस्ती में झारखंड की पारंपरिक संस्कृति पूरी भव्यता के साथ जीवंत हुई। इस खास मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल करम डाली के समक्ष व्रतियों के साथ पूजा-अर्चना में शामिल हुए और हाथ जोड़कर जोहार कहके सबका अविभावदन किए ।

पतरातु बस्ती में हर साल करमा पर्व अनोखे अंदाज, धूमधाम और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। यहाँ के श्रद्धालुओं के बीच शामिल होकर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। यह देखकर खुशी होती है कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और संस्कृति को इतने उत्साह के साथ सँजोए हुए है।

यह पर्व प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है और ऐसे आयोजनों में शामिल होकर हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व होता हैं ।

मौके पर विशेषरूप रूप से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहें ।

## संक्षिप्त समाचार

### खम्भवा बिरहोर टोला में अनाज और धोती - साड़ी का किया गया वितरण

**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** खाद्यापूर्ति विभाग द्वारा आदिम जनजाति ,बिरहोर परिवार के बीच अनाज और धोती -साड़ी उपलब्ध कराया गया। जिसका वितरण सामाजिक कार्यकर्ता ,पूर्व सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक द्वारा किया गया। इनके हाथों दिलीप बिरहोर,कार्तिक बिरहोर,कारू बिरहोर, मंगरी देवी,रेशमी देवी,सरिता देवी और सोमर देवी को अनाज और कपड़े दिए गए। इस अवसर पर दीपक कुमार,प्रिंस सिंह,मनोज बिरहोर,पूनम देवी समेत अन्य उपस्थित थे।



### ईद मिलादुन्नबी को लेकर केसड़ा और घुघलिया में किया गया फ्लैग मार्च

**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** ईद मिलादुन्नबी को लेकर टाटीझरिया में पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद है। इसे लेकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में केसड़ा और घुघलिया में फ्लैग मार्च किया गया। जिसमें एस डी पी ओ बैजनाथ प्रसाद,इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा समेत थाना के सुरक्षा बल मौजूद थे। पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से ,कानून के दायरे में रहकर मानने का आग्रह किया। इन्होंने कहा कि पर्व अपने परिवार और समुदाय में सुख -समृद्धि ,शांति स्थापित करने के लिए मनाया जाता है।इसलिए इसका ध्यान हमेशा रखें। इन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने में स्थानीय बुद्धिजीवियों का हमेशा साथ मिला है और हमलोग भी इनके साथ सामंजस्य बनाकर चलते हैं।

### अनियंत्रित होकर टाटी मोड़ पर गिरा स्कूटी सवार,एक की मौत एक घायल

**टाटीझरिया (हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** थाना क्षेत्र के टाटीझरिया - बेडम मार्ग पर टाटी मोड़ में एक स्कूटी सवार गिर गया। जिसपर दो युवक सवार थे।दोनो युवक 28 वर्षीय विनोद गंझू और 28 वर्षीय नागेश्वर गंझू स्कूटी संख्या जे एच 02 बीजे 6741 मुरकी की ओर जा रहे थे। दोनों ही मुरूमातु गांव के रहनेवाले थे। जिनका नियंत्रण स्कूटी से हट गया और वे गिर गए। इन्हें स्थानीय ग्रामीणों एवं टाटीझरिया थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार की मदद से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया ।जहां विनोद गंझु की मौत हो गई ,जबकि नागेश्वर गंझु का इलाज चल रहा है।



मृतक विनोद गंझु का शव , पोस्टमार्टम के बाद गांव लाने की तैयारी चल रही है। वहीं गांव का माहौल गमगीन हो गया । मृतक का एक चार साल का बेटा है । जबकि उसकी पत्नी और बहन भी कल से करमा का त्योहार किए हुए हैं। इनलोग रात भर जमकर झूमे हैं। करम की डाली अब भी लोग रखे हुए थे। लड़के की मृत्यु की खबर पाकर लोग डाली को विसर्जित किए जाने की तैयारी कर रहें थे।जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने गांव से निकल कर दुसरे गांव में करमा का नृत्य देखने जा रहे थे। गांव में मौत की सुचना मिलते ही करमा पुजा का त्योहार फीका हो गया ।

### अकेला हाथी ने देनेवा में झोपडी किया ध्वस्त

**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** अकेला जंगली हाथी इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में तबाही मचा रहा है। इसी क्रम में इस बार हाथी बांडीह निवासी राजु राम के देनेवा टांड स्थित सुकर फार्म और बगल मे बने झोपडी को नष्ट किया।प्रभावित किसान ने मुआवजे की मांग किया है।



### करमा पूजा को लेकर डाडीकला थाना प्रभारी ने तलाब का निरीक्षण किया



**बड़कागांव /रिपब्लिक नेशन।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत डाड़ी कला पंचायत ग्राम चेपाखुर्द में करमा पूजा के अंतिम दिन करमा की डाली विसर्जन के दौरान अनहोनी नहीं घटे जिसे लेकर, डाड़ी कला सहायक थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने चेपाखुर्द छठ तलाब में जाकर निरीक्षण किया। ' मौके पर डाड़ी कला सहायक थाना प्रभारी सागेन मुर्मू , पदुम अनुज यादव, गोपाल विश्वकर्मा , सुधीर साव, तारकेश्वर महतो, विक्की करमाली के अलावा ग्रामीण के लोग शामिल थे'

### बड़कागांव में हर्षोउल्लास के साथ करमा पूजा संपन्न,

- **बड़कागांव प्रखंड कर्म की पूजा काफी हर्षोउल्लास संपन्न हो गया।**

**रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड के सभी 23 पंचायतों के 84 गांव में प्रकृति पर्व करम पूजा काफी धूमधाम से मनाया गया। पूजा के दूसरे दिन लोगों ने निकट के नदी तालाब में करम की डाली का विसर्जन किया और अपने परिवार की सुख व समृद्धि की कामना करम देवता से की। प्रखंड के ग्राम पलांडू में धूमधाम करम डाली का विसर्जन किया गया। पूजा पाठ कर रात भर झुमते गाते रहे। गुरुवार सुबह से करीब 1 बजे दोपहर तक लोग ढोल नगाड़े की थाप पर थिरकते रहे वहीं बीच बीच में डीजे की धून में भी लोग थिरकते नजर आए। तत्पश्चात पुनः सभी पुजारियों एवं देव भक्तों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जावा डाला सहित करम डाली को उखाड़ कर गांव में भ्रमण करते हुए नाचते गाते नदी में विसर्जन कर दिया गया। करम पूजा में पलांडू पूजा समिति के लोगों का सराहनीय योगदान रहा जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष सतीश करमाली , सचिव सुनील राज, कोषाध्यक्ष रामू कुमार, , संरक्षक शुक्ला तुरी, संचालक प्रदीप महतो, सक्रिय सदस्य सह संचालक नारायण प्रसाद, लिटिल एंजेल स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय कुमार महतो, विमल करमाली, छटू गंझू, विजय महतो, ईश्वर महतो, राम गंझू, विमल गंझू, गोड़इत सह आजसू नेता नागेश्वर तुरी, रंजन महतो, सुरेन्द्र दास, गणेश दास आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## हजारीबाग में लगातार आदिवासियों के पुरोधाओं की मुर्तियां हो रहा खण्डित

रिपब्लिक नेशन।

**संवाददाता:अविरल लाल/ हजारीबाग।** आदिवासी पुरोधाओं की मुर्तियां जो हजारीबाग के विभिन्न चौक चौराहों पर लगी हुई हैं उन्हें लगातार खड़ीत करने का प्रयास किया जा रहा जब शहर में स्थापित मुर्गीयों को पहली बार तोड़े जाने की घटना घटी थी तब प्रशासन ने किसी विक्षिप्त या शराबी असमाजिक तत्वों द्वारा किए जाने का अनुमान लगाया गया था, सामाजिक संस्थाओं राजनीतिक दलो एवं नागरिकों ने उक्त घटना की तीव्र निन्दा की थी।



2 फिर दुसरी घटना हुई थी तब जिला प्रशासन जागा और सीसीटीवी कैमरा चौक चौराहों पर लगाने की कवायद शुरू हुई लेकिन उक्त घटना को हुए अभी घंटों भी नहीं गुजरा और तीसरी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया गुरुवार को सुबह सुबह देखा गया की निलाम्बर पितांबर चौक पर स्थापित मुर्तियों के हांथ में धनुष-बाण को खंडित कर दिया गया।

3 घटना की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फ़ैल गई उक्त घटना से आदिवासी समाज अपने को आहत महसूस कर रहे आदिवासी नेताओं ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन की चेतावनी दी है साथ ही कहा है कि जिस तरह से ऐसी घटनाएं घटित हो रहा है यह आदिवासियों के अस्मिता पर हमला है आखिर कौन लोग हैं कहीं यह किसी के सुनियोजित योजना का हिस्सा तो नहीं आदिवासियों की मुर्तियां बार बार तोड़ा जाने के पिछे कुछ मंसूबा अवस्य छुपा हो सकता है।

4 आदिवासी नेताओं ने जिला प्रशासन पर उदासिनता बरतने का आरोप लगाया है तथा जल्द से जल्द गुनाहगारों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने की मांग की है।

अब देखना है कि जिला प्रशासन अब तक इस अमानवीय कुकृत्य का उद्भेदन करने में कामयाब हो पाती है और इस घटना के क्या दुरगामी परिणाम निकलता है यह भविष्य के गर्भ में है।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत,

- **पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



**रिपब्लिक नेशन।** बड़कागांव करमा पूजा के विसर्जन के दिन बृहस्पतिवार को बड़कागांव कांडतरी निवासी नेतल राम (60), पिता स्व0 धोतल भुइयां का शौच करने के दौरान बुढ़वा महादेव परिसर अंतर्गत रानी तालाब में डूब जाने से मौत हो गई। डूबने की खबर कांडतरी में आग की तरह फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही उपप्रमुख वचनदेव कुमार ग्रामीणों के साथ तालाब पहुंचे एवं स्वयं तालाब में डूब कर नेतल राम की खोज करने लगे, इस दौरान नेतल राम को मृत अवस्था में पाया और शव को तालाब से बाहर निकाला । ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता को दी। थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। बता दें कि नेतल राम अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और बहुएं समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

उप प्रमुख ने मुआवजे की मांग की

बड़कागांव उप प्रमुख वचन देव कुमार ने नेतल की मौत को लेकर प्रशासन से आपदा राहत कोष से मुआवजा की मांग की है। बच्चन देव ने बताया कि सरकार के द्वारा आपदा राहत तहत मृतक के परिजन को 4 लाख रुपया देने का प्रावधान है।

## कर्म पूजा प्रकृति और आस्था का पर्व बड़े धूमधाम से संपन्न

रिपब्लिक नेशन।

**रिपोर्ट विनय कुमार ।** कोडरमा : करम पूजा आदिवासी समाज का प्रमुख त्योहार है जिसे विशेषकर झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के रिश्ते, परिवार की समृद्धि और फसल की उन्नति के लिए प्रकृति देवता करम देवता की उपासना का प्रतीक है। करम पूजा की मान्यता यह है कि पेड़-पौधे, नदियाँ और धरती हमारी जीवनरेखा हैं और इनके संरक्षण से ही जीवन खुशहाल बनता है। इस दौरान कोडरमा के विभिन्न क्षेत्रों में



करम पूजा के दिन युवक-युवतियाँ उपवास रखते हुए रातभर जागकर करम गीत गाते नजर आए और। करम पेड़ की डाल को बड़े श्रद्धा भाव से लाकर आंगन या गाँव के चौपाल में स्थापित किया गया है। वही महिलाएँ और युवतियाँ मिट्टी के बर्तन में जौ और धान के बीज बोया हुआ अंकुरित फसल को पूजा स्थल पर सजाकर करम देवता की पूजा और डाल को जल, दूध और खीर अर्पित कर की गई।

यह पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक एकता, भाईचारा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। करम पूजा के दौरान गाँव-समाज एक साथ जुटकर गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी संस्कृति को जीवित रखते हैं। करम पेड़ की पूजा से हमें यह सीख मिलती है कि पेड़ों की रक्षा करना ही मानवता की रक्षाहै

आज के दौर में जब पर्यावरण प्रदूषण और पेड़ों की कटाई जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं, करम पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि परंपराओं के साथ प्रकृति का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है।

## बेनीबाद और गायघाट में इखढ और टळ्अ के कार्यकर्ता उतरे सड़क पर ,मोदी को गाली के खिलाफ बिहार बंद



**दीपक कुमार। गायघाट/रिपब्लिक नेशन।** महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में कांग्रेस नेता के मंच से पीएम नरेंद्र मोदी को दी गई मां की गाली के खिलाफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बिहार बंद का असर दिख रहा है। बेनीबाद के केवटसा चौक और गायघाट के जारंग चौक पर सड़क जाम कर कार्यकर्ताओं ने खूब नारेबाजी किया है।

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) समेत अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक रहे हैं। ये बंद पांच घंटे का है। बिहार भाजपा के ज्यादातर बड़े नेता इस समय दिल्ली में हैं, क्योंकि बुधवार को कोर कमिटी की मीटिंग थी। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और तीन वामपंथी दलों सीपीआई, सीपीएम व सीपीआई-माले ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ यात्रा निकाली थी।

## टाटीझरिया प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम और परंपरागत तरीके से मना करमा

### प्रकृति पर्व करमा की रही धूम, मांदर की थाप पर झूमे लोग

रिपब्लिक नेशन।

टाटीझरिया । झारखंडी संस्कृति से जुड़ा प्रकृति पर्व करमा बड़े ही उल्लास पूर्वक टाटीझरिया प्र-खंड के विभिन्न गांवों में मनाया गया। इस दौरान लोग बुधवार रात विभिन्न अखाड़ों और घरों से उठ रही करम के मधुर गीतों और मादंर की थाप पूरे क्षेत्र में गूंजयामान होते रहा। हर ओर करम पर्व को लेकर उल्लास का माहौल रहा। लोग आनंद और भक्ति की सागर में गोते लगा रहे। प्रखंड के खैरा, झरपो, भराजो, डहरभंगा, धरमपुर, डुमर, टाटीझरिया, बेडम पंचायत के विभिन्न गांवों में अखाड़ों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। संध्या की बेला में गांव के पाहन अपने-अपने गांव में करम की पवित्र डाली काटकर लाये और विधि-विधान के साथ अखाड़ों में गाड़कर पारंपरिक ढंग से पूजा-अर्चना किया गया। बहनें दिन भर उपवास रखकर पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की। अखाड़ा में पाहन द्वारा करमा-धरमा की कथा सुनायी गयी। पूजा के बाद नाच-गान का दौर शुरू हुआ जो रात और गुरूवार दिन में चलता रहा। पर्व के अवसर पर किसानों ने खेतों में भी करम की डाली गाड़ी। इसका अभिप्राय यह है कि हमने खेती का काम लगन से किया अब हे प्रकृति देव इसकी रक्षा और देखभाल आपको ही करना है। किसान अपना धर्म किये अब करम को कर्म करना है। पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में दिन भर चहल कदमी बढ़ी रही।



## "बदलाव की मिसाल: बच्चों की दुनिया रोशन कर रहे हैं मोहम्मद नुरुल होदा"

**रिपब्लिक नेशन/ राजेश कुमार।** पूर्वी चम्पारण के आदापुर प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय शेखवा टोला के प्रधान शिक्षक मोहम्मद नुरुल होदा ने अपने सतत शैक्षणिक प्रयासों से विद्यालय में बदलाव की नई कहानी लिखनी शुरू कर दी है।

बसतपुर प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत रहते हुए उन्होंने उत्तम पोषक सम्मान समारोह के जरिए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई, ''आज का सूरजझआज की चंदा'' जैसी पहल से स्वच्छता के प्रति बच्चों को प्रेरित किया, समाज के सहयोग से बेंच-डेस्क उपलब्ध कराए और अपने निजी व्यय से विद्यालय पुस्तकालय की स्थापना कर बच्चों में पठन-पाठन की रुचि जगाई।

बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर श्री होदा ने 21 जुलाई 2025 को प्रधान शिक्षक के रूप में शेखवा टोला विद्यालय में योगदान दिया, जहां अल्प समय में ही उनके प्रयासों से सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगे हैं।

शैक्षिक गतिविधियों से परे उन्होंने 'शैक्षिक प्रयास' नामक पुस्तक लिखी है तथा 'चेतना सत्र' और 'बाल गीत' जैसी पुस्तकों पर कार्यरत हैं। उनके नवाचार न केवल विद्यालय बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं।

## ईद-ए-मिलाद पर्व को लेकर बरकट्ठा पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च

**रिपब्लिक नेशन। बरकट्ठा।** ईद ए मिलाद उन नबी पर्व शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर डीएसपी अजीत कुमार व थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों ने फ्लैग मार्च निकाली। इस दौरान बरही अनुमंडल पदाधिकारी , पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा डुंगडुंग, समेत दर्जनों पुलिस के जवान उपस्थित रहे। फ्लैग मार्च बरकट्ठा थाना से शुरू करते हुए ग्राम झुरझुरी,तरबेचवा कोनहारा कला, कोनहारा खुर्द, धरहरा, बरकट्ठा बाजार, घंघरी, तुईयो ,कपका गोरहर थाना अंतर्गत शिलाडीह, लेवड़ा जमुआ समेत दर्जनों गांवों का भ्रमण करते हुए पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क मुस्तैद रहेगी ।



## हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन का दौरा किया धनबाद रेल मंडल के डीआरएम, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।

हजारीबाग। धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने गुरुवार को हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन प-रसर में चल रहे रेलवे कोचिंग कॉम्प्लेक्स और यार्ड निर्माण कार्य का जायजा लिया। डीआरएम ने अधिकारियों और संवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब जब बरसात समाप्त हो रही है, तो कार्य की गति तेज की जाए ताकि यात्री सुविधाओं का लाभ शीघ्र जनता को मिल सके।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कहा कि स्टेशन का विकास चरणबद्ध तरीके से हो रहा है। कोचिंग कॉम्प्लेक्स और यार्ड के निर्माण के बाद हजारीबाग से भी लंबी दूरी की ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि कोडरमा से बरकाकाना तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। दोहरीकरण पूरा होने पर हजारीबाग रेल रूट पर ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन प-रसर में यात्री सुविधाओं को लेकर भी डीआरएम गंभीर दिखे। उन्होंने पाया कि अभी तक बोगी इंडिकेटर नहीं लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को ट्रेन आने के बाद परेशानी होती है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल इंडिकेटर लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धीरे-धीरे स्टेशन परिसर में सभी आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।



हजारीबाग के लोग लंबे समय से दिल्ली, कोलकाता और अन्य महानगरों के लिए सीधी ट्रेनों की मांग कर रहे हैं। इस पर डीआरएम मिश्रा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यात्रियों की यह उम्मीद पूरी होगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, वैसे-वैसे ट्रेन सेवाओं में इजाफा होगा और हजारीबाग भी प्रमुख रेल नेटवर्क से सीधे जुड़ सकेगा। डीआरएम के इस दौरे ने हजारीबाग के लोगों में नई उम्मीद जगाई है। अब देखना होगा कि कोचिंग कॉम्प्लेक्स, यार्ड और दोहरीकरण कार्य कितनी जल्दी पूरे होते हैं और कब हजारीबाग से देश के बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू हो पाती है।

रिपब्लिक नेशन

देवघर, गुरूवार, 04 सितम्बर 2025



## संक्षिप्त समाचार

### डेल्ही पब्लिक स्कूल,जयनगर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**रिपब्लिक नेशन।** डेल्ही पब्लिक स्कूल,जयनगर में शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया।हालांकि शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है, परंतु इस बार उस दिन अवकाश होने के कारण विद्यालय में शिक्षक दिवस पूर्व ही समारोहपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई, जिससे समारोह में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर राजीव रंजन,प्राचार्या रागिनी रंजन तथा शिक्षक लक्ष्मण यादव,प्रभात रंजन, प्रियदर्शी रंजन,विजय आनंद भारती, सुबोध राय, हेमंत मिश्रा, साकेत मिश्रा, सतीश चंद्र मिश्रा, विजय ठाकुर, विवेक सिंह,स्मृति सिंह, अर्चना चौहान, राजलक्ष्मी, अंजली वर्मा, रानी झा, अंजली कुमारी, सोनाली सिंह, रिया गुप्ता, साक्षी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, नंदनी गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राजीव रंजन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए कहा कि वे भारतीय संस्कृति के महान ज्ञाता, शिक्षाविद, दार्शनिक, वक्ता एवं विचारक थे। उन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष एक शिक्षक के रूप में व्यतीत किए। श्री रंजन ने कहा, ₹एक शिक्षक ही होता है जो बच्चों के मनोभावों को समझता है। माता-पिता से भी अधिक समय शिक्षक बच्चों के साथ बिताते हैं। शिक्षक ही देश के भविष्य निर्माता होते हैं, जो आम बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक आदि बनाते हैं। बिना गुरु के कोई भी अपनी मंज़िल तक नहीं पहुँच सकता। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए एवं उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। पूरे दिन विद्यालय में उत्सव का माहौल बना रहा।



### प्रधानमंत्री की मां के कथित अपमान पर एनडीए का बिहार बंदः जयनगर में सड़कों पर उतरे एनडीए नेता और कार्यकर्ता

**रिपब्लिक नेशन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा आहूत बिहार बंद का असर गुरुवार को जयनगर क्षेत्र में भी देखने को मिला। इस बंद के समर्थन में एनडीए के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और जोरदार प्रदर्शन किया।



सुबह से ही एनडीए समर्थकों ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर नगर में मार्च निकाला और ₹नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ जैसे नारों के साथ विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता पर की गई अभद्र टिप्पणी न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति का अपमान भी है।प्रदर्शन में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष उद्धव कुँवर, नगर अध्यक्ष सुरज गुप्ता,अरविंद तिवारी,अमरेश झा, गोपाल पूर्वे, प्रमीला पूर्वे, गोपाल सिंह, मोती लाल यादव, राजेश गुप्ता, अमित मांझी, अमन कुमार, नीतीश प्रधान समेत एनडीए के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनका यह प्रदर्शन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा और पारिवारिक मूल्यों की मर्यादा की रक्षा के लिए है। उन्होंने मांग की कि इस कथित टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए, अन्यथा विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे।हालांकि, बंद के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल द्वारा सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी।

# स्वास्थ्य मंत्री ने रिनपास शताब्दी समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी। रांची**

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को कांके स्थित रांची इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकेट्री एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) के शताब्दी समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दौरान कई अहम निर्देश भी दिए। डॉ. अंसारी ने आगामी चार सितंबर, गुरुवार को आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक समारोह की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह की तैयारियां समय पर और पूरी सर्तकता के साथ सुनिश्चित की जाएं।



मंत्री ने कहा कि रिनपास का यह शताब्दी समारोह राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र के गौरवशाली 100 सालों का गवाह बनेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मीडिया, आमंत्रित अतिथियों, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही अनुशासन और गरिमा बनाए रखने, समारोह को सफल बनाने तथा सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाने का निर्देश भी दिया। डॉ. अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक ऐतिहासिक अवसर ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के नए अध्याय की शुरुआत भी होगा। यह पूरे झारखंड के लिए गर्व और मानसिक रोगियों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने बंद को बताया सुपर फ्लॉप

**लखीसराय/रिपब्लिक नेशन।** सत्ता की पूरी ताक़त झोंकने के बावजूद एन.डी.ए. का बिहार बंद का लखीसराय में पूरी तरह सुपर फ्लॉप रहा। जनता ने बंद समर्थकों को कोई समर्थन नहीं दिया।

» लखीसराय की जनता ने भाजपा और एन.डी.ए. नेताओं से सवाल पूछना शुरू कर दिया है—

» मणिपुर में माताओं को निर्वस्त्र घुमाने की शर्मनाक घटना पर अब तक जवाब क्यों नहीं?

» बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता राबड़ी देवी को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा गाली देने का क्या औचित्य है?

» मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं प्रधानमंत्री पर प्रश्न खड़ा कर चुके हैं, उसका जवाब क्यों नहीं?

» प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं द्वारा कांग्रेस की नेता सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, प्रियंका गाँधी, शशि थरूर और उनकी पत्नी समेत अन्य विपक्षी नेताओं को अपमानित करने वाले अमर्यादित शब्दों का हिसाब कब देंगे?

भाकपा ने कहा कि एन.डी.ए. का बंद केवल जनता की दैनिक दिनचर्या, कामकाज और व्यवसाय को बाधित करने का प्रयास था। गर्भवती महिलाओं तक को अस्पताल जाने से रोकना ₹मां का सम्मान₹ नहीं बल्कि ₹मां का अपमान₹ है। ऐसा अमानवीय कृत्य केवल मोदी राज और उनके समर्थक ही कर सकते हैं।

लखीसराय की जागरूक जनता ने बंद को नाकारकर राजनीतिक और सामाजिक चेतना का परिचय दिया है। भाकपा लखीसराय की जनता को इसके लिए हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट करती है '

संबंधित आशय की जानकारी भाकपा जिला परिषद रजनीश कुमार ने अपनी नियमित प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### रिनपास का शताब्दी समारोह चार को, मंत्री ने मुख्यमंत्री को सौंपा न्योता



**एजेंसी। रांची**

रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकेट्री एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस अवसर पर आगामी 4 सितंबर को कांके स्थित रिनपास परिसर में शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन होगा। समारोह में देश-विदेश से मानसिक स्वास्थ्य और मनोचिकित्सा के क्षेत्र के नामचीन विशेषज्ञ एवं डॉक्टर शामिल होंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया।

मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस समारोह के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने और मरीजों के लिए नई पहल की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। डॉ. अंसारी ने कहा कि रिनपास का शताब्दी वर्ष केवल संस्थान की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह झारखंड और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा और बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि रिनपास की स्थापना लगभग एक सदी पहले हुई थी और यह आज देश के चुनिंदा मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है।

### सारवां प्रखंड में कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने को लेकर एक सम्मान समारोह आयोजित हुआ

रिपब्लिक नेशन।

**सारवां /संतोष शर्मा ।** कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत सारवां प्रखंड के जियाखांड़ा मोड़ पर तीन पंचायत के नवनियुक्त ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने को लेकर एक सम्मान समारोह आयोजित प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश, जिला महासचिव-सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल,सोसल मीडिया प्रभारी अमित पांडेय ने भाग लिया।



सभी नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को प्रखंड तथा मंडल अध्यक्ष के साथ मुख्य अतिथि के हाथों पुरी जिम्मेदारी एवं सम्मान के साथ पार्टी झंडा के साथ नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिनमें बनवरिया,डहुआ तथा जिया खांड़ा के पंचायत अध्यक्ष राजकिशोर रवानी, शहबाज हुसैन तथा ओहिद मियां के साथ सभी पंचायत के पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन तहत कांग्रेस बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू की थी,जिसे हमलोगों ने लगभग हासिल कर लिया है। कांग्रेस पहली ऐसी पार्टी है जो अपने पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं को एक पहचान और सम्मान देने का काम किया है। आप सभी इस जिम्मेदारी का निर्वह्न पुरी लगन और निष्ठा से करेंगें। सभी को हमारी ओर से बधाई और शुभकामनाऐं है।

प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि हमारे संगठन के प्रयास से नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रहे संगठन सृजन तहत हमलोगों द्वारा हर स्तर पर एक मजबूत संगठन तैयार किया जा रहा है। आने वाला दिन कांग्रेस का होगा।

कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारी नरेश यादव, प्रणव सिंह, मौलाना रियासत,जय राम सिंह, दिवाकर पासवान, दीपक झा,दीवाकर बर्मा,रुक्मिणी देवी,नंद किशोर बर्मा,नंद किशोर यादव,शकील अंसारी, शिबू सिंह,दशरथ शाही,तरुण पंडित,अनिता देवी, राजकिशोर दास, बालेश्वर बर्मा,रघुनाथ मंडल,नीरंजन राय,ब्यास बर्मा,सिपेंदर बर्मा सुभाष हाजरा,डब्लू सुशील बर्मा, कृष्णा गुप्ता,पंकज यादव,रामू यादव,मदन राय,मंडल अध्यक्ष श्री कांत यादव,विजय हांसदा, सहदेव टुडू, सदानंद राउत,राज किशोर दास, पिंटू यादव,शिव कुमार मंडल,मिठू महरा, देवेन्द्र हांसदा, शांति देवी,पप्पू मिर्धा,सुशील झा, तरुण पंडित,पिंटू यादव तथा सोनारायठाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष नैयाज अहमद, सारठ के प्रदीप नटराज आदि दर्जनों मौजूद थे।

# पर्व त्योहार विधि व्यवस्था को ले विशेष चौकसी बरते सभी पुलिस पदाधिकारीः डीएसपी राघव दयाल

### बॉर्डर क्षेत्र होने को ले एसएसबी नेपाल पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त पेट्रिलिंग करें

### पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों का निष्पादन समेत दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

रिपब्लिक नेशन।




मधुबनी जिला के जयनगर में गुरुवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय के कक्ष में डीएसपी राघव दयाल के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के सर्किल इंस्पेक्टर और थाना अध्यक्ष के साथ मासिक अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान डीएसपी राघव दयाल ने बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि आगामी पर्व त्योहार व विधि शांति व्यवस्था को लेकर विशेष चौकसी बरते और असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखे । पूजा पंडालों मेला शोभायात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम जुलूस प्रतिमा विसर्जन को ले विस्तृत जानकारी रखने और पुलिस बल की तैनाती करने एवं क्षेत्र में पुलिस बल की गस्ती तेज रखे। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है और पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य है और सभी से आपसी सद्भाव शांति पूर्वक आयोजन करने को ले विशेष दिशा निर्देश देते हुए पंडाल मेला भीड़ भाड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की तैनाती करने असमाजिक उपद्रवी तत्वों पर पैनी नजर रखने। श्रद्धालुओं आम लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता हैं। क्षेत्र में अहले सुबह दिवा संध्या रात्रि विशेष सघन गस्ती तेज करने और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने। विधिव्यस्था बनाये रखने और पर्व त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता की जरूरत हैं अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। बोर्डर क्षेत्र के मद्देनजर एसएसबी नेपाल पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से पेट्रिलिंग करें। क्राइम कंट्रोल तथा शराब धंधेबाजों पर नकेल कसना निरंतर जारी रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

लंबित कांडों की समीक्षा कर लम्बित कांडों का निष्पादन जल्द करने, केसों के संधारण, विभिन्न विभागीय कागजातों अभिलेखो की गहन जांच की और समीक्षा करते हुये अभियान के तहत फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, कुर्की की कार्रवाई करने समेत अन्य निर्देश देते हुए कई अहम बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। सूचना तंत्र और टीम वर्क के तहत कार्यों का निष्पादन करें। आम जनों की सुरक्षा और क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति बनाये रखने को ले चौकीदार को भी गस्त लगाने समेत अन्य निर्देश देने को कहा गया। हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के तहत कार्यों निर्वहन करें। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी पैनी नजर और जानकारी रखें। बैंकों में चेकिंग और आसपास भी गस्त लगायें। बैंकों में बिना कार्यों के संदिग्ध लोग दिखने पर गहन पूछ ताछ और जाँच करें। विधि व्यवस्था भंग करने वालों की चिन्हित कर निश्चित रूप से कार्रवाई करें। सीमांचल क्षेत्र होने के कारण असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने,अपराध नियंत्रण को लेकर सम्भावित अपराध की सम्भावनाओं के बावत दिवा संध्या रात्रि गश्ती बढ़ाने समेत कई आवशयक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिये। क्राईम मीटिंग सह समीक्षा बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार , लदनियां थाना अध्यक्ष अनूप कुमार , देवधा थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, बासोपट्टी थाना अध्यक्ष विकास कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# जयनगर के फुलकाहा में सात दिवसीय श्री इन्द्र पूजा सह मेला का भव्य शुभारंभ,निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

रिपब्लिक नेशन।





मधुबनी जिले के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के बेलही पूर्वी पंचायत कमलाबाड़ी फुलकाहा स्थित पंचायत भवन के समीप बाबा श्री फुलकेश्वर नाथ मंदिर परिसर में श्री इन्द्र पूजा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्री इन्द्र पूजनोत्सव सह मेला का शुभारंभ गुरुवार से प्रारंभ हुआ। सात दिवस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर पूजन स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा पूजन स्थल से प्रारंभ होकर क्षेत्र भर्मण करते हुए कमला पुल स्थित कमला नदी से कलशों में जलबोझकर दस किलोमीटर के आवागमन की दूरी तय कर कलशों को पुजारी के द्वारा विधिविधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन स्थल पर स्थापित किया गया। कलशशोभा के दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान इन्द्र की जय कारें लगा रहे थे जयघोष से क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था।कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं युवतियों समेत श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सह मेला का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष शिव कुमार यादव के द्वारा किया गया।इस मौके पर अतिथि के रूप में राजद नेता ब्रज किशोर यादव,प्रदीप यादव,प्रोफेसर मनोज कुमार कुमार वर्मा,पूर्व प्रमुख सूर्यनाथ यादव,पंचायत के मुखिया लाल बिहारी मंडल,उपमुखिया देव नारायण यादव,पूर्व मुखिया भोला यादव,सरपंच राम चन्द्र मंडल,अजय सिंह,अशोक सिंह,पंचायत समिति सदस्य बजरंगी ठाकुर,देबू यादव समेत अन्य मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि सभी के सहयोग से फुलकाहा में लगभग 60 वर्षों से फुलकाहा ग्रामीण क्षेत्र में भगवान इन्द्र समेत अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम और मेला का आयोजन किया जा रहा है।इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बन जाता है। रिश्तेदार समेत अन्य लोगों से मिलने जुलने का अवसर मिलता है दर्शन पूजा अर्चना के साथ मेला का भी लोग आनंद लेते है। धार्मिक आयोजन से सामाजिक एकता और भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। भगवान इन्द्र से हम सभी विश्व में शांति विपदाओं से बचाव और सभी की शुभ मंगल भाई चारा प्रेम सद्भाव की कामना करते है। सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में पूजा सह मेला का आयोजन को ले आयोजन समिति धन्यवाद और साधुवाद दिया । पूजन को ले भव्य आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है पंडाल में भगवान इन्द्र समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई जो कि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।इस मौके पर कमिटी के अध्यक्ष शिव कुमार यादव ,सचिव अरुण सिंह,कोषाध्यक्ष महेश्वर प्रसाद मुन्ना अरविंद मंडल,तिलक यादव,देव चन्द्र मंडल,देव लाल यादव,लक्ष्मण पंजियार, महेश यादव,कारी यादव,राम चन्द्र यादव,राधे श्याम यादव,मनोज यादव,रोहित यादव,फेकू यादव,लालू यादव,नीतीश महरा,भोरिल महरा,गंगा प्रसाद महरा,संजय सिंह,सीकेन्द्र मंडल,सुशील मंडल,महेंद्र यादव,जगत यादव,रामचन्द्र सिंह,अजित यादव,ज्ञानेंद्र मंडल, संजय मंडल,नवीन मंडल, विमलेश यादव,सुतिम लाल यादव,राम हदय यादव,राम सागर यादव,सत्यनारायण यादव,देवनारायण यादव,नरेश यादव,सरोज यादव,बेचन सिंह,शौ×की यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पूजा सह मेला के आयोजन को लेकर समिति के सदस्य गण काफी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहें है।

